फर्द अहकाम

न्यायालयः अतिरिक्त जिला कलक्टर, उदयपुर
प्रार्थीः श्री रामा पिता पन्ना दरोगा व अन्य **विपक्षीः** श्रीमती हंसा पत्नि बंसन्तिलाल भगोरा व अन्य
किस्म मुकदमाः अपीला नामान्तरकरण **पत्रावली संख्याः** 06 **वर्षः** 2019 **GCMS NO**-2019/00013

क्र.स.	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की
29.01.2021	पत्रावली पेश हुई। मामले मे उभय पक्ष के विद्वान अभिभाषक द्वारा की गई बहस का राजस्व रेकर्ड के मुकाबले अध्ययन किया एवं वर्णित तथ्यों पर गंभीरता से मनन किया। पत्रावली के गंभीरतापूर्वक अवलोकन करने पर यह पाया गया है कि नामान्तरकरण संख्या 848 दिनांक 28.06.2017 ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया गया है, जिसके विरूद्ध अपील का श्रवणाधिकार/क्षेत्राधिकार उपखण्ड़ अधिकारी का हैं, किन्तु अपीलान्ट अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत अपील मे उक्त नामान्तरकरण तहसीलदार झाड़ोल द्वारा पारित होना बताया जाने से प्रकरण इस न्यायालय मे दर्ज हुआ हैं। ऐसी स्थिति मे क्षेत्राधिकार/श्रवणाधिकार के अभाव मे इस न्यायालय स्तर पर प्रकरण मे निर्णय पारित किया जाना उचित नहीं हैं। अतः प्रकरण मे कार्यवाही इसी स्टेज पर ड्रॉप की जाती है एवं अपीलान्ट अधिवक्ता को सक्षम न्यायालय मे चाराजोही करने हेतु निर्देशित किया जाता है। चूकि अपीलान्ट द्वारा सहवन से इस न्यायालय मे अपील वर्ष 2019 मे ही पेश कर दी थी, ऐसी स्थिति मे सक्षम न्यायालय मे अपील प्रस्तुत करने पर विलम्ब की अवधि न्यायहित मे कण्ड़ोन की जाएगी। निर्णय खुले न्यायालय मे सुनाया गया। प्रकरण फैसल शुमार हो नम्बर से कम किया जावे। Signature Not Verified Digitally signed by Om Prakash Bunkar Date: 2021.02.01 11:35:17 IST Reason: SelfAttested	